कार्यालय उ0प्र0 सूचना आयोग,
आर.टी.आई. भवन, विभूति खण्ड, लखनऊ

पत्रांकः ४०१ /उ0प्र0सू0आ0/रजिस्ट्रार/2026 दिनांकः २१ जून, 2026

विषयः इंटर्नशिप कराये जाने के सम्बन्ध में।

आयोग में माह जुलाई–2026 की इंटर्नशिप किये जाने हेतु अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुये है, जिनकी सूची आदेश के साथ संलग्न है। अतएव संलग्न सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को दिनांक 01.07.2026 से 22.07.2026 तक इंटर्नशिप हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

उक्त के क्रम में प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित शिड्यूल व ग्रुप के अनुसार उ0प्र0 सूचना आयोग में मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं मा0 राज्य सूचना आयुक्त के पर्यवेक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगें। प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10.30 बजे सम्बन्धित सुनवाई कक्ष के पेशकार के समक्ष उपस्थिति शीट/पंजिका पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगें। सम्बन्धित सुनवाई कक्ष के पेशकार को निर्देशित किया जाता है कि इंटर्नशिप पूर्ण होने के उपरान्त अभ्यर्थियों की उपस्थिति शीट/पंजिका को पीठासीन अधिकारी द्वारा अग्रसारित कराते हुए रजिस्ट्रार कार्यालय में 24 घण्टे के भीतर प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगें। अभ्यर्थियों द्वारा शिड्यूल व ग्रुप के अनुसार सुनवाई कक्ष में उपस्थित होकर वहाँ की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए प्रतिदिन का क्रियाकलाप एक रजिस्टर में अंकित करेंगें। इंटर्नशिप समाप्ति से तीन दिवस के अंदर प्रत्येक अभ्यर्थी, आयोग में प्राप्त प्रशिक्षण का समग्र उल्लेख करते हुए उपरोक्त रजिस्टर, रजिस्ट्रार कार्यालय में जमा करेंगें।

29/06/26
(संदीप गुप्ता)
रजिस्ट्रार

पत्रांक एवं दिनांक : तदैव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त, को इस आशय से कि वह मा0 राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें।
2. निजी सचिव, समस्त मा0 राज्य सूचना आयुक्तगण को इस आशय से कि वह मा0 राज्य सूचना आयुक्त के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें।
3. सचिव/संयुक्त रजिस्ट्रार, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ।
4. कम्प्यूटर प्रोग्रामर एवं कैट्स डेवेलपमेंट टीम, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उक्त आदेश को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. पेशकार, समस्त सुनवाई कक्ष, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ।
6. सम्बन्धित अभ्यर्थीगण।

29/06/26
(संदीप गुप्ता)
रजिस्ट्रार